दिन– बुधवार दिनांक– 01 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंतिम मतदाता सूची का किया प्रकाशन। अंतिम मतदाता सूची में सात करोड़ बयालीस लाख मतदाताओं के नाम शामिल किए गए है।

02. केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीस नवंबर की।

03. रेलवे ने बिहटा–अनुग्रह नारायण रोड नई रेललाईन निर्माण के लिए तीन हजार छह सौ छह करोड़ रूपये मंजूर किये। जल्द शुरू होगा काम।

04. और, आज महानवमी के अवसर पर देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की हो रही है पूजा– अर्चना। सुबह से ही शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

————————————————————

निर्वाचन आयोग ने राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। अंतिम मतदाता सूची में सात करोड़ बयालीस लाख मतदाताओं के नाम शामिल किए गए है। इनमें इक्कीस लाख तिरेपन हजार नये मतदाता का नाम जोड़ा गया है, जबकि उनहत्तर लाख उनतीस हजार मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसी सूची के आधार पर विधानसभा चुनाव कराए जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि कोई भी मतदाता आयोग की वेबसाईट **वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट** इन के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण देख सकता है। श्री गुंजियाल ने कहा कि जिला मुख्यालय के साथ–साथ विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर भी मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गई है। इससे पहले, आयोग ने पहली अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची जारी की थी।

आयोग ने कहा है कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाएं गए है, उनमें बाईस लाख चौंतीस हजार एक सौ छत्तीस लोग मृत की श्रेणी में है। छह लाख पचासी हजार मतदाताओं का दो जगहों पर नाम था, जबकि छत्तीस लाख चौवालीस हजार नौ सौ उनतालीस लोग स्थाई रूप से स्थानांतरित हो गये हैं। आयोग ने कहा है कि जिन मतदाताओं के नाम निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ईआरओ द्वारा हटाया गया है या ईआरओ के निर्णय से असंतुष्ट हैं तो उनको अपील करने का मौका मिलेगा। इसके लिए प्रथम अपील जिलाधिकारी के समक्ष की जा सकती है, जबकि द्वितीय अपील मुख्य

निर्वाचन अधिकारी के समक्ष की जा सकती है। आयोग ने कहा है कि राज्य की अंतिम मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी सौंप दी गई है। इधर, पटना जिले मे अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन के बाद मतदाताओं की संख्या अड़तालीस लाख पन्द्रह हजार हो गई है। प्रारूप मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या छियालीस लाख इक्यावन हजार थी। इसमें एक लाख तिरेसठ हजार की बढ़ोतरी हुई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रदेश के मतदाताओं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और बूथ स्तरीय अधिकारियों सहित चुनाव कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने बाईस वर्षों के बाद बिहार में इस विशेष अभियान के सफल संचालन के लिए पार्टी नेताओं और मीडिया का भी आभार व्यक्त किया है।

———————————————————

केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नेता चिराग पासवान ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची में एसआईआर के तहत अयोग्य मतदाताओं का नाम कटना जरूरी था।

———बाईट—चिराग———

———————————————————

भाजपा नेता और राज्य सरकार के मंत्री नितीन नवीन ने कहा कि चुनाव आयोग ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे एसआईआर का लगातार विरोध कर रहे महागठबंधन दलों के नेताओं को झटका लगेगा।

———बाइट—नितीन नवीन—29 सें

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में हम आज आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने जी—ट्वेंटी में भारत की सफलता को प्रदर्शित किया, वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को बुलंद किया और भारत के वैश्विक नेतृत्व को मज़बूत किया है।

———बाईट———

———————————————————

केन्द्र सरकार ने पात्र कर्मचारियों, पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों और दिवंगत पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी के लिए एकीकृत पेंशन

योजना–यूपीएस के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि दो महीने बढ़ाकर इस वर्ष तीस नवंबर कर दी है। पहले इसकी अंतिम तिथि कल तक थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूपीएस के तहत हाल ही में कई सकारात्मक बदलावों की घोषणा की गई है, जिनमें स्विच विकल्प, त्यागपत्र पर लाभ, अनिवार्य सेवानिवृत्ति और कर छूट शामिल हैं।

———————————————————

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया है कि रेलवे ने बिहटा–अनुग्रह नारायण रोड नई रेललाईन निर्माण के लिए तीन हजार छह सौ छह करोड़ रूपये मंजूर किये हैं। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रेललाईन परियोजना का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। एक सौ सत्रह किलोमीटर लम्बे इस रेलखंड पर चौदह स्टेशन और दस हॉल्ट बनाये जायेंगे।

———————————————————

प्रदेश भर में आज दुर्गा नवमी मनाई जा रही है। दुर्गा नवमी नवरात्रि उत्सव के नौवें और अंतिम दिन के रूप में मनाई जाती है। भक्त देवी दुर्गा के नौवें और अंतिम स्वरूप, माँ सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। कई स्थानों पर आज कन्या पूजन का अनुष्ठान भी किया जा रहा है। देवी दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्ति के साथ समृद्धि की प्रार्थना कर रहे हैं।

––म्यूजिक––

मान्यताओं के अनुसार माँ का यह स्वरूप सिद्धियों को प्रदान करने वाला होता है। इस दिन मां दुर्गा अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई है। श्रद्धालु सुबह से ही देवी मंदिरों के साथ ही पूजा–पंडालों में पूजा–अर्चना कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में पूजा पंडालों को आकर्षक कलाकृतियों से सजाया गया है। इस बार कई स्थानों पर पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता का संदेश देते हुए इको फ्रेंडली पंडाल बनाये गये हैं। पटना के डाकबंगला चौराहे पर तंजौर के वृहदीश्वर मंदिर, एतवारपुर में अयोध्या के राम मंदिर, संपतचक में मथुरा के प्रेम मंदिर, कदमकुंआ में देवघर के बैद्यनाथधाम मंदिर, और मीठापुर में काठमांडू के पशुपति नाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया गया है। अन्य जिलों में भी देश–विदेश के एतिहासिक स्थलों और स्मारकों के आधार पर पूजा पंडाल निर्मित किये गये हैं। इन्हें, देखने और माता के दर्शन के लिए राजधानी पटना समेत विभिन्न स्थानों पर लोगों की भीड़ उमड़ती रही।

––म्यूजिक––

————————————————————————

दुर्गा पूजा के मद्देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती के साथ संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र और मेडिकल कॉलेजों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। राजधानी पटना में प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर इन पूजा पंडालों के आस–पास बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है। असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं। पटना के ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि दशहरा के मद्देनजर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

दुर्गा पूजा के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हमें उच्च आदर्शों को धारण करने और शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से सांप्रदायिक और समाजिक सदभाव बनाए रखने की अपील की है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने वित्त रहित संस्थानों को अनुदान और शिक्षकों तथा कर्मचारियों को वेतन देने के मुद्दे पर विचार के लिए मुख्यसचिव की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन किया है। इस कमिटी में कई विभागों के वरीय पदाधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर वित्त रहित शिक्षकों के अनुदान या वेतन तथा अन्य लाभों पर विचार के लिए कमिटी गठित की गयी है। गौरतलब है कि कमिटी के फैसले से पचास हजार से अधिक वित्त रहित शिक्षकों और कर्मचारियों को फायदा होगा।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– एसआईआर बिहार में मतदाता सूची से उनहत्तर लाख नाम कटे।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है– एसआईआर से पहले बिहार में थे सात करोड़ नवासी लाख मतदाता, अब हुये सात करोड़ इकतालीस लाख बानवे हजार।

दैनिक भास्कर ने सांसद उपेन्द्र कुशवाहा और पवन सिंह की मुलाकात पर लिखा है– पवन सिंह आरा से लड़ सकते हैं चुनाव।

प्रभात खबर की सुर्खी है– वित्त रहित शिक्षकों को अनुदान या वेतन पर कमिटी करेगी फैसला।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– रावण वध को लेकर पटना में कल बदली रहेगी यातायात व्यवस्था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंतिम मतदाता सूची का किया प्रकाशन। अंतिम मतदाता सूची में सात करोड़ बयालीस लाख मतदाताओं के नाम शामिल किए गए है।

02. केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीस नवंबर की।

03. रेलवे ने बिहटा–अनुग्रह नारायण रोड नई रेललाईन निर्माण के लिए तीन हजार छह सौ छह करोड़ रूपये मंजूर किये। जल्द शुरू होगा काम।

04. और, आज महानवमी के अवसर पर देवी दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की हो रही है पूजा– अर्चना। सुबह से ही शक्तिपीठों, मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।